भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं-2067

उत्तर देने की तारीख-13.03.2023

उच्चतर शिक्षा हेतु नामांकन लेने वाले छात्रों पर एआईएसएचई की रिपोर्ट

†2067. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

श्री बिद्‌युत बरन महतोः

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री प्रतापराव जाधव:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में जारी उच्चतर शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट (एआईएसएचई) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020-21 में उच्चतर शिक्षा में छात्रों के नामांकन में वृद्‌धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सर्वेक्षण के अंतर्गत शामिल किए गए उच्चतर शिक्षण संस्थानों के संस्थान-वार नाम क्या हैं;

(ग) सरकार द्‌वारा उक्त सर्वेक्षण करते समय अपनाए गए मानदंडों और मापदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत एक वर्ष के दौरान उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की नामांकित छात्राओं की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्‌वारा बच्चों को उच्चतर शिक्षा में नामांकन लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) जी हां। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में 2020-21 में उच्च शिक्षा में छात्रों के नामांकन के साथ-साथ नामांकन दर में वृद्‌धि हुई है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका से स्पष्ट है:-

वर्ष	नामांकन (संख्या में)	नामांकन में वृद्धि (%)
2020-21	4,13,80,713	7.4
2019-20	3,85,36,359	3.0
2018-19	3,73,99,388	2.1
2017-18	3,66,42,378	2.6
2016-17	3,57,05,905	3.2

(ख) और (ग) एआईएसएचई के तहत एआईएसएचई पोर्टल पर पंजीकृत सभी उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) शामिल हैं। एआईएसएचई 2020-21 में उच्च शिक्षा संस्थानों, पंजीकृत और प्रतिक्रिया संख्या का विवरण निम्नानुसार हैं: -

उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई)	पंजीकृत	प्रतिक्रिया
विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान	1,113	1,085
कॉलेज - संबद्ध/संघटक/पीजी और ऑफ कैंपस सेंटर/मान्यता प्राप्त केंद्र	43,796	40,212
स्टैंड-अलोन संस्थान - विश्वविद्यालयों से संबद्ध नहीं हैं (जैसे पॉलिटेक्निक, नर्सिंग, शिक्षण आदि)	11,296	8,696

एआईएसएचई 2020-21 में, एचईआई ने एआईएसएचई पोर्टल में वेब डेटा कैप्चर प्रारुप (वेब डीसीएफ) के माध्यम से पूरी तरह से ऑनलाइन डेटा संग्रह प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपना डेटा भरा है। छात्रों के नामांकन, संस्थानों के विवरण, पदस्थ शिक्षक, अवसंरचनात्मक विवरण आदि जैसे विभिन्न मापदंडों को एकत्र किया गया।

(घ) एआईएसएचई 2020-21 के अनुसार, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित छात्राओं और छात्रों का नामांकन निम्नानुसार दिया गया है:

वर्ष	एसटी नामांकन	एससी नामांकन	ओबीसी नामांकन	महिला नामांकन
2020-21	24,12,069	58,94,700	1,48,21,537	2,01,42,803
2019-20	21,56,109	56,57,672	1,42,49,114	1,88,92,612
वृद्धि	2,55,960	2,37,028	5,72,423	12,50,191

(ङ) उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए सरकार ने कई उपाय किए हैं जिसमें दूरस्थ मोड से शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रवेश की अनुमति देने वाले दिशानिर्देश जारी करना, लोगों तक पहुंचने और उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए स्वयम पोर्टल के माध्यम से आईसीटी मोड का उपयोग करना, छात्रावास आवास, एचईआई की स्थापना, स्थानीय/भारतीय भाषाओं में शिक्षण, डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के माध्यम से राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा के विस्तार को प्रोत्साहित करना, छात्रवृत्ति कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

*****